कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा, जिला-कोरबा ( छ०ग० )

Website - korba.gov.in E mail - actwdkorba@gmail.com

क्रमांक / यु.कै. / पीएमटी–पीईटी / 2023–24 / 932 कोरबा, दिनांक 01-6-23

## / / प्रेस विज्ञप्ति / /

**वर्ष 2023–24 में प्री0इंजीनियरिंग एवं प्री0मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु छ.ग. के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु सूचना**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12वीं उत्तीर्ण, 100 अभ्यार्थी (64 अनुसूचित जनजाति, 36 अनुसूचित जाति), जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र का आमंत्रण किया जाता है।

**1. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि :– 21.06.2023 सायं 4:00 बजे तक**

**2. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरबा**

आवेदन पत्र एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट **www.tribal.cg.gov.in** से अवलोकन एवं डाउनलोड किया जा सकता है। इस परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी यथा – पात्र अभ्यर्थी, परीक्षा केन्द्र, परीक्षा परिणाम आदि की सूचना विभागीय वेबसाईट से अभ्यर्थी प्राप्त कर सकते है।

**सहायक आयुक्त,**
**आदिवासी विकास कोरबा**
**जिला–कोरबा (छ0ग0)**

अपर कलेक्टर
कोरबा (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लाक–डी, भू–तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़

Phone No. 0771-2263708, Fax No.–2262558, www.tribal.cg.gov.in, Email- ctd.cg@nic.in,

क्रमांक/07/पीएमटी–पीईटी/2023–24/1933 नवा रायपुर दिनांक 29 /05/2023

प्रति,

आयुक्त,
जनसंपर्क,
डी–ब्लॉक, इंद्रावती भवन, नया रायपुर (छ0ग0)

**विषय :–** **वर्ष 2023–24 में प्री0इंजीनियरिंग एवं प्री0मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के कोचिंग करने के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करने बाबत् ।**

—000—

विषयांतर्गत वर्ष 2023–24 में प्री0इंजीनियरिंग एवं प्री0मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के कोचिंग करने के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करने हेतु विज्ञापन का प्रारूप संलग्न प्रेषित है।

कृपया विज्ञापन को राज्य के 03 बहुप्रसारित समाचार पत्रों के समस्त संस्करणों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

संलग्न :– विज्ञापन की 01 प्रति।

युवा करियर
31-5-23

(श्रीमती शम्मी आबिदी)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़

पृ.क्रमांक/07/पीएमटी–पीईटी/2023–24/1934 नवा रायपुर दिनांक 29 /05/2023

ACTWD

प्रतिलिपि,

1. **समस्त सहायक आयुक्त**, आदिवासी विकास, जिला ............................ को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने जिले के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों के माध्यम से इस योजना का प्रचार प्रसार कराएं तथा फ्लैक्स बैनर भी यथा स्थान पर लगाया जाए। पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में भी सूचना दी जावे तथा व्यक्तिगत रुचि लेकर अधिकाधिक आवेदन पत्र अभ्यर्थियों से प्राप्त किया जावे। विज्ञापन का प्रारूप विभागीय वेबसाईट **www.tribal.cg.gov.in** पर उपलब्ध है।
2. **श्री दिनेश ध्रुव**, सहायक प्रोग्रामर, आ.जा.अनु.जा.वि. मुख्यालय, नया रायपुर को निर्देशित किया जाता है कि वह तत्काल संलग्न विज्ञापन को विभागीय वेबसाईड पर अपलोड कर अवगत करावें।

18
31-5-23

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़

d:\office\pet & pmt\other\student advertisement\pet-pmt 2023-24\pet pmt press vigypti.docx

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लाक–डी, भू–तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़
Phone No. 0771-2263708, Fax No.–2262558, www. tribal.cg.gov.in, Email- ctd.cg@nic.in,

क्रमांक/07/पीएमटी–पीईटी/2023–24/1935 नवा रायपुर दिनांक 29/05/2023

**वर्ष 2023–24 में प्री0इंजीनियरिंग एवं प्री0मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु छ.ग. के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु सूचना**

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण, 100 अभ्यर्थी (64 अनुसूचित जनजाति, 36 अनुसूचित जाति), जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र का आमंत्रण किया जाता है।

**(1) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि :–21.06.2023 सायं 4.00 बजे तक**
**(2) आवदेन जमा करने का स्थान :– जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में उक्त तिथि तक जमा कर सकते है। (कलेक्टरेट परिसर)**

आवेदन पत्र एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट **www.tribal.cg.gov.in** से अवलोकन एवं डाउनलोड किया जा सकता है। इस परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी यथा – पात्र अभ्यर्थी, परीक्षा केन्द्र, परीक्षा परिणाम आदि की सूचना विभागीय वेबसाईट से अभ्यर्थी प्राप्त कर सकते है।

(श्रीमती शम्मी आबिदी)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर छ0ग0

छत्तीसगढ़ समाचार

Scanned with OKEN Scanner

# प्री0इंजीनियरिंग एवं प्री0मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु सामान्य अनुदेश वर्ष 2023–24

(1) **कोचिंग की अवधि** – यह कोचिंग 01 वर्ष के लिए या प्रतियोगी परीक्षा के होने तक, जो भी पहले हो, तक के लिए होगा।

(2) **कोचिंग का स्थान** – छ0ग0 राज्य के जिस जिले की कोचिंग संस्था का चयन होगा, उसी जिले में कोचिंग कार्य सम्पन्न कराया जायेगा।

(3) **निर्धारित सीटे** – योजनांतर्गत 100 सीट निर्धारित है जिसमें अनुसूचित जनजाति हेतु–64 तथा अनुसूचित जाति हेतु–36।

(4) **निवास तथा जाति संबंधी पात्रता** –

1. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. आवेदक अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग से हो तथा स्थाई जाति प्रमाण पत्र धारक हो।
3. आवेदक को योजना का लाभ केवल एक बार दिया जायेगा।
4. आवेदक भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के लिए घोषित अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग की सूची में सम्मिलित है अथवा नहीं, यह सिद्ध करने का दायित्व आवेदक का होगा। यदि इस संबंध में आवेदक द्वारा गलत विवरण प्रस्तुत किये जाने की दशा में उसे इस योजना के लाभ से वंचित कर दिया जाएगा।

(5) **शैक्षणिक योग्यता** – गणित अथवा जीव विज्ञान विषय के साथ कक्षा 12वीं में कम से कम 70% अंक या समतुल्य ग्रेड प्राप्त अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते है। अभ्यथियों का चयन प्राक्चयन परीक्षा में प्राप्त मेरिट अंक के आधार पर किया जायेगा।

(6) **आय** – आवेदक के अभिभावक/पालक का समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रूपये 2.50 लाख से अधिक नहीं होना चाहिए, इस संबंध में लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया आय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा, साथ ही स्वघोषणा प्रमाण पत्र 10 रू. के नॉन ज्युडिशियल स्टॉप पेपर पर प्रस्तुत किया जाना होगा।

(7) **कोचिंग शुल्क की प्रतिपूर्ति** – योजनांतर्गत विद्यार्थी को कोचिंग, आवास, भोजन, चिकित्सा, पुस्तक, प्रवेश शुल्क आदि निःशुल्क प्रदान किया जावेगा।

(8) **प्राक्चयन परीक्षा का स्वरूप** – प्राप्त आवेदन के परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों से वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय (Objective type) प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रश्न–पत्र अधिकतम 02 घंटे का होगा, जिसमें कुल 120 प्रश्न पूछे जा सकेंगे।

(9) **आवेदन जमा करना** – अभ्यर्थी किसी भी जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के कार्यालय में आवेदन पत्र जमा कर सकते है।

(10) प्री0 मेडिकल एवं प्री0 इंजीनियरिंग परीक्षा की तैयारी ऑफलाईन अथवा ऑनलाईन के माध्यम से चयनित संस्था द्वारा शासन के निर्देशानुसार ही किया जायेगा।

(11) **आवेदन पत्रों का भरा जाना** – आवेदक का कर्तव्य होगा कि वह आवेदन पत्र में चाही गई समस्त जानकारी सही–सही देवें एवं स्वयं के द्वारा संबंधित अभिलेख सत्यापित कर आवेदन के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करें। आवेदन पत्र की प्रविष्टि एवं अभिलेख अपूर्ण पाये जाने पर आवेदन निरस्त किया जायेगा।

(12) **विस्तृत विवरण** – योजना के संबंध में नियम निर्देश विभागीय वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in पर उपलब्ध है, जिसे अवलोकन किया जा सकता है।

(श्रीमती शम्मी आबिदी)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर छ0ग0



Scanned with OKEN Scanner

# आय हेतु स्वघोषणा प्रमाण पत्र

## (अभ्यर्थी द्वारा 10 रू. के नॉन ज्युडिशियल स्टॉप पेपर पर प्रस्तुत किया जाए)

मैं ................................................................................ पिता ..............................................................

उम्र ...............................जाति.................................................. निवासी ग्राम.............................................

पो0आ0..........................................तहसील...................................जिला.....................................(छ0ग0)

शपथ पूर्वक स्वघोषणा करता/करती हूं कि मेरे परिवार की वार्षिक आय निम्नानुसार है :–

1. पिता शासकीय सेवक है तो वार्षिक आय ..........................................................
2. माता शासकीय सेवक है तो वार्षिक आय ..........................................................
3. पिता–माता कृषक है तो वार्षिक आय ..........................................................
4. अन्य स्त्रोंतो से वार्षिक आय ..........................................................
5. कुल आय (1 से 4 तक का योग) ..........................................................

मैं आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्री0 इंजीनियरिंग एवं प्री0 मेडिकल प्रवेश परीक्षा हेतु कोचिंग योजना वर्ष 2023–24 की तैयारी करने के लिए यह आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ। इस हेतु मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय उपरोक्तानुसार है तथा मेरे द्वारा अर्जित आय आयकर की सीमा में नहीं आता है। यदि मेरी आय के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने एवं जांच पर सही पाये जाने पर शासन द्वारा नियमानुसार जो भी कार्यवाही की जावेगी, उसके लिए मैं स्वयं पूर्णतः सहमत हूँ।

पालक का हस्ताक्षर

आवेदक का हस्ताक्षर – ........................................
नाम – ........................................
दिनांक – ........................................

Scanned with OKEN Scanner

## वर्ष 2023–24 में अभ्यर्थियों द्वारा प्री0इंजीनियरिंग–प्री0मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

**सहायक आयुक्त,**
आदिवासी विकास,
जिला –.......................................... (छ.ग.)

—00—

1. नाम : ..........................................................
2. पिता का नाम : ..........................................................
3. माता का नाम : ..........................................................
4. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता : ..........................................................
   : ..........................................................
   : ..........................................................
5. ईमेल का पता : ..........................................................
6. फोन/मोबाईल नंबर : ..........................................................
7. अभ्यर्थी का वर्ग (अनु.जा/अनु.ज.जा) : ..........................................................
   (सक्षम अधिकारी का स्थाई जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. अभ्यर्थी का 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष : ..........................................................
9. कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम : ..........................................................
   (प्रतिशत में, बोर्ड परीक्षा की अंकसूची की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
10. क्या अभ्यर्थी ने पूर्व में इस योजना का लाभ लिया है, हॉ/नहीं : ..........................................
11. किस परीक्षा का कोचिंग करना चाहता है – प्री0इंजीनियरिंग/प्री0मेडिकल (टिक करें)
12. पालक का व्यवसाय – : कृषि/शासकीय सेवा/प्राइवेट व्यवसाय/निजी संस्थान/मजदूरी/अन्य
    (टिक करें)
13. यदि शासकीय सेवा में है तो पद एवं विभाग का नाम : ..........................................................
14. पालक की समस्त स्त्रोंतो से कुल वार्षिक आय : ..........................................................
    (रूपये 10/– के स्टाम्प पेपर पर घोषणा प्रमाण पत्र देवें।)

### घोषणा पत्र

मैं .................................................. घोषणा करता/करती हूं कि उपरोक्त दी गई जानकारी सही हैं। यदि दी गई जानकारी गलत पाये जाने पर मेरा कोचिंग हेतु प्रवेश निरस्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है।

पालक का हस्ताक्षर

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर – ..................................
नाम – ..................................
दिनांक – ..................................

d:\office\pet & pmt\other\student advertisement\pet-pmt 2023-24\pet pmt press vigypti.docx

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय आयुक्त
## आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
### ब्लाक–डी, भू–तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़

Phone No. 0771-2263708, Fax No.–2262558, www.tribal.cg.gov.in, Email- ctd.cg@nic.in,


क्रमांक/07/पीएमटी–पीईटी/2023–24/1936 नवा रायपुर दिनांक 29/05/2023

प्रति,

समस्त सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास,
जिला – ............................................ (छ.ग.)

विषय :– आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति प्री. मेडिकल तथा प्री. इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु विद्यार्थियों से आवेदन आंमत्रण वर्ष 2023–24।

——000——

विषयांतर्गत आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति प्री. मेडिकल तथा प्री. इंजीनियरिंग परीक्षा पूर्व कोचिंग योजनांतर्गत 2023–24 में प्रवेश लेने के इच्छुक प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्री0मेडिकल तथा प्री0 इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा निःशुल्क कोचिंग दिलाया जाता है। यह आवासीय एक वर्षीय कोचिंग योजना अंतर्गत कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा जीव–विज्ञान एवं गणित विषय के साथ न्यूनतम 70% अंकों से उत्तीर्ण होने वाले ड्रापर्स अभ्यर्थियों को निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ 01 वर्षीय कोचिंग दिलाया जाता है। योजना का लाभ ऐसे अभ्यर्थी प्राप्त कर सकेंगे, जिनके पालक आयकरदाता न हो, अर्थात् अभ्यर्थी के पालक का समस्त स्त्रोतो से वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक न हो। इस योजना के अंतर्गत उत्कृष्ठ विद्यार्थियों का चयन किया जा सके, इस हेतु जिला स्तर पर योजना का प्रचार–प्रसार किया जाना अनिवार्य है, इस हेतु अपने जिले के तीन बहुप्रसारित समाचार पत्रों मे विज्ञापन के माध्यम से प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें। ताकि अधिक से अधिक पात्र अभ्यर्थी लाभान्वित हो सके।

2. उक्त योजना के अंतर्गत अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की पृथक–पृथक जानकारी संलग्न निर्धारित प्रपत्र में दिनांक28.06.2023 तक हार्ड एवं साफ्ट कॉपी में ई–मेल **yuvacarriernirman@gmail.com** के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(श्रीमती शम्मी आबिदी)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़

17
21.5.23

पृ.क्र./07/पीएमटी–पीईटी/2023–24/1937 नवा रायपुर दिनांक 29/05/2023

प्रतिलिपि :–

समस्त कलेक्टर जिला –.......................................... की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़

d:\office\pet & pmt\other\student advertisement\pet-pmt 2023-24\pet pmt press vigypti.docx

Scanned with OKEN Scanner

वर्ष 2023–24 के लिए प्री0मेडिकल एवं प्री0इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा की कोचिंग हेतु पात्र अभ्यर्थियों की जानकारी (प्रपत्र–1)

| क्र. | विद्यार्थी का नाम | पिता का नाम | वर्ग (अ.ज.जा. /अ.जा.) | निवास जिला | कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण करने का विषय एवं कुल प्राप्तांक | | कक्षा 12वीं में प्राप्तांक का प्रतिशत | वार्षिक कुल आय | शपथ पत्र संलग्न है अथवा नहीं | मोबाईल नंबर | क्या अभ्यर्थी ने पूर्व में योजना का लाभ लिया है, हॉं/नहीं | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | गणित | जीव विज्ञान | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |

वर्ष 2023–24 के लिए प्री0मेडिकल एवं प्री0इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा की कोचिंग हेतु अपात्र अभ्यर्थियों की जानकारी (प्रपत्र–2)

| क्र. | विद्यार्थी का नाम | पिता का नाम | वर्ग (अ.ज.जा. /अ.जा.) | निवास जिला | कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण करने का विषय एवं कुल प्राप्तांक | | कक्षा 12वीं में प्राप्तांक का प्रतिशत | वार्षिक कुल आय | शपथ पत्र संलग्न है अथवा नहीं | मोबाईल नंबर | क्या अभ्यर्थी ने पूर्व में योजना का लाभ लिया है, हॉं/नहीं | अपात्र होने का कारण | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | गणित | जीव विज्ञान | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |

नोट :– अभ्यर्थी को योजना का लाभ केवल एक बार दिया जायेगा। उक्त संबंध में आवेदन पत्र के बिन्दु क्रमांक 10 पर अभ्यर्थी द्वारा जानकारी दी जावेगी।

हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner